# ज्ञान सागर एकेडमी

**सीबीएसई संबद्धता क्र. 1030209**
**सह–शैक्षिक, वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय**
**ज्ञान सागर सोसायटी द्वारा संचालित**
**अभिलाषा कॉलोनी के पास, हामुखेड़ी, देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)**
**फोन : 0734–2526176, मोबाइल : 7509075008**
**ईमेल :** gsaujjain@gmail.com, **वेबसाइट :** www.gsaujjain.gsegroup.in

# वार्षिक विद्यालय प्रतिवेदन सत्र 2024–25

## संस्था का परिचय

वर्ष 2003 में स्थापित, **ज्ञान सागर एकेडमी** आज उज्जैन के प्रमुख, विश्वसनीय एवं प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं में अपना विशिष्ट स्थान रखती है।

**ज्ञान सागर एकेडमी** में शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रहकर समग्र विकास पर केंद्रित है, जहाँ शाश्वत भारतीय मूल्यों का समावेश आधुनिक, वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ किया जाता है।

हमारा उद्देश्य ऐसे आत्मविश्वासी, आत्मनिर्भर और वैश्विक दृष्टिकोण से संपन्न नागरिकों का निर्माण करना है, जो बौद्धिक रूप से सक्षम हों, सांस्कृतिक रूप से सुदृढ़ हों, तथा अपने राष्ट्र की विरासत और मूल्यों के प्रति गहरी आस्था रखते हों।

## शैक्षणिक उपलब्धियाँ

वर्ष 2024–25 **ज्ञान सागर एकेडमी** की शैक्षणिक यात्रा में एक गौरवपूर्ण अध्याय रहा, जहाँ हमारे विद्यार्थियों ने **सीबीएसई कक्षा 10 (AISSE) एवं कक्षा 12 (AISSE)** की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान को गौरवान्वित किया।

नई शिक्षा नीति 2020 (**NEP 2020**) और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 (**NCF 2023**) के प्रगतिशील सिद्धांतों से प्रेरित, हमारे नवविकसित पाठ्यक्रम ने विद्यार्थियों को गहन बौद्धिक अनुशीलन, विश्लेषणात्मक सोच तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में एक सशक्त आधार प्रदान किया।

शैक्षणिक उत्कृष्टता की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, **GSA प्रबंधन** ने बोर्ड परीक्षाओं के **मेधावी छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति** प्रदान कर प्रतिभा को सम्मानित किया है, जिससे परिश्रम को उत्सव में परिवर्तित करने की परंपरा सशक्त हुई है।

| कक्षा 10वीं बोर्ड 2025 के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम | |
|---|---|
| कुल परीक्षार्थी | 156 |
| 90% एवं अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी | 19 |
| 80% से 89% अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी | 42 |
| विशिष्ट श्रेणी (Distinction) प्राप्त करने वाले विद्यार्थी | 80 |
| प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले विद्यार्थी | 137 |
| 100 में से 100 अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी | 2 |

| कक्षा 12वीं बोर्ड 2025 के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम | |
|---|---|
| कुल परीक्षार्थी | 105 |
| 90% एवं अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी | 17 |
| 85% से 89% अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी | 12 |
| विशिष्ट श्रेणी (Distinction) प्राप्त करने वाले विद्यार्थी | 65 |
| प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले विद्यार्थी | 98 |
| 100 में से 100 अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी | 5 |

## शिक्षकों का प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास

- विषयवार शिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु अनेक इन–हाउस **क्षमता विकास कार्यशालाओं** (**Capacity-building Workshops**) का आयोजन
- ***CBSE*** द्वारा संचालित **एक्टिव लर्निंग** पर आधारित कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम
- **भारत सरकार** एवं ***CBSE*** के संयुक्त तत्वावधान में उज्जैन एवं देवास क्षेत्र के प्राचार्यों, उप–प्राचार्यों एवं शिक्षकों हेतु **ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स (*ToT*) कार्यक्रम**
- ***SEBI*** प्रतिनिधि द्वारा वित्तीय साक्षरता पर संगोष्ठी (सेमिनार)
- ***DUSSC*** द्वारा पूर्व–प्राथमिक, गणित एवं हिंदी शिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण
- शिक्षकों द्वारा **दक्षता** एवं **कौशल वृद्धि** हेतु कई ऑनलाइन सत्रों में सहभागिता
- विश्व हृदय दिवस के अवसर पर ***CPR***, **कार्डियक स्वास्थ्य एवं आपातकालीन प्रबंधन** पर संगोष्ठी
- दो *TGT* शिक्षकों एवं एक *PGT* शिक्षक को **CBSE** द्वारा प्रत्याशित संसाधन व्यक्ति (***Prospective Resource Person - PRP***) के रूप में प्रशिक्षित किया गया।

## पाठ्यक्रम में नवाचार

- **आधारभूत चरण** *(Foundational Stage)* के लिए खेल आधारित शिक्षण–पद्धति **'जादुई पिटारा'** की शुरुआत की गई, जिससे प्रारंभिक शिक्षा को अधिक मनोरंजक व प्रभावी बनाया गया।
- **10 बैगलेस दिवसों** की पहल द्वारा अनुभवात्मक अधिगम को प्रोत्साहन मिला, जिससे विद्यार्थियों ने पाठ्यपुस्तकों से परे ज्ञान, कौशल एवं रचनात्मकता की खोज की।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 के अनुरूप अद्यतन **मूल्यांकन एवं आकलन प्रणाली** को लागू किया गया।
- **वित्तीय बाजार प्रबंधन** (Financial Markets Management**) विषय** के पहले बैच के विद्यार्थियों ने इस वर्ष सफलतापूर्वक बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की, जिन्हें **स्किल इंडिया**, **CBSE** एवं **NSE एकेडमी** द्वारा विशेष प्रमाणपत्र के साथ कक्षा 12 की अंकसूची प्राप्त हुई।
- मिडिल स्कूल स्तर पर आरंभ किया गया **वित्तीय साक्षरता** (Financial Literacy) विषय छात्रों के समग्र विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान सिद्ध हुआ है।
- सीनियर सेकेंडरी स्तर पर **कमर्शियल आर्ट** को एक वैकल्पिक विषय के रूप में सम्मिलित कर पाठ्यक्रम में विविधता तथा विद्यार्थियों की रचनात्मक एवं व्यावसायिक अभिरुचियों को प्रोत्साहन दिया गया।
- **ज्ञान सागर एकेडमी** नगर के उन अग्रणी विद्यालयों में है, जहाँ छात्रों को **सर्वाधिक वैकल्पिक विषयों** के माध्यम से अभिरुचि–आधारित चयन और बहुआयामी शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।
- सेकेंडरी स्तर पर **आईटी (IT)** विषय की शुरुआत छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुई। इस विषय के प्रथम बैच ने अत्युत्तम प्रदर्शन किया तथा दो विद्यार्थियों ने **100 में से 100** अंक प्राप्त कर संस्था को गौरवान्वित भी किया।

## सुविधाएं, परिवहन, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा उपाय

- छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु शिक्षकों, प्रशासनिक एवं सहायक कर्मचारियों के लिए **फ़ायर प्रोटेक्शन ड्रिल** का आयोजन
- फ़ायर अलार्म एवं अग्निशमन यंत्रों सहित **अग्नि सुरक्षा प्रणाली का उन्नयन**
- **GSA ऐप** का शुभारंभ, जिससे अभिभावकों से संवाद और विद्यालय प्रबंधन में सुगमता आई
- विद्यार्थियों के लिए बेहतर खेल अनुभव हेतु विद्यालय **खेल मैदान का नवीनीकरण**
- विद्यालय के परिवहन तंत्र को और अधिक सक्षम बनाने हेतु एक **नवीन व उन्नत बस** का समावेश
- **राष्ट्रीय डीवर्मिंग दिवस** पर स्वास्थ्य विभाग की पहल में सहयोग करते हुए विद्यार्थियों को **डीवर्मिंग दवा का वितरण**
- **सहायक कर्मचारियों** को **विद्यार्थियों की सुरक्षा, सामाजिक व्यवहार एवं कुशल कार्य प्रणाली** पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## प्रदर्शनियाँ एवं सामाजिक पहल

- **ज्ञान सागर एकेडमी** के विद्यार्थियों को **स्वच्छता परियोजनाओं** के माध्यम से शहर की स्वच्छता जागरूकता में दिए गए योगदान के लिए मध्यप्रदेश के **माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव** द्वारा सराहना प्राप्त हुई।
- स्वच्छता पर आधारित **4R (Reduce, Reuse, Recycle, Refuse) प्रदर्शनी** का आयोजन, जिसे उज्जैन के **महापौर श्री मुकेश टटवाल** द्वारा सराहा गया।
- **विषयवार प्रदर्शनी का आयोजन**, जिसमें विवेचनात्मक सोच, समस्या समाधान, डिजिटल दक्षता और संचार कौशल को प्रोत्साहन मिला एवं विद्यार्थियों की प्रतिभा और नवाचार को व्यापक सराहना मिली।
- सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत **भारतीय सशस्त्र बल** कल्याण हेतु **₹25,000** का वार्षिक योगदान।
- **DUSSC सम्मान समारोह** की भव्य रूप से **मेज़बानी** की गई, जिसमें CBSE कक्षा 12वीं (उज्जैन क्षेत्र) के अकादमिक मेधावियों को सम्मानित किया गया।
- **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020** की चौथी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की पहल, **शिक्षा सप्ताह** (22 से 28 जुलाई 2024) का आयोजन।
- **नशा मुक्त भारत अभियान** में भागीदारी, जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन तथा **प्रहरी क्लब** का गठन।

## सम्मान एवं प्रतिष्ठा

- **गणतंत्र दिवस परेड आमंत्रण**
  उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन हेतु **ज्ञान सागर एकेडमी** के चार विद्यार्थियों को एक शिक्षक के साथ भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली में **गणतंत्र दिवस परेड में विशिष्ट अतिथि** के रूप में आमंत्रित किया गया।

- **प्रतिभा सम्मान योजना (PSY) में उत्कृष्ट उपलब्धियाँ**
  मध्यप्रदेश सरकार की प्रतिभा सम्मान योजना के अंतर्गत आठ प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अनुसंधान, सामान्य ज्ञान एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं में **स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक** जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इन विद्यार्थियों को भोपाल कलेक्टर कार्यालय में सम्मानित किया गया। **PSY द्वारा ज्ञान सागर एकेडमी को शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए भी सम्मानित किया गया।**

- **भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग** की पहल **Inspired Award** के लिए **GSA** के विद्यार्थियों का चयन हुआ।

- विद्यार्थियों ने **विद्यार्थी विज्ञान मंथन** (विद्यालयीन शिक्षा में विज्ञान को बढ़ावा देने की राष्ट्रीय पहल) में सक्रिय सहभागिता की।

## राष्ट्रीय, राज्य, संभाग एवं जिला स्तरीय खेल सहभागिता एवं उपलब्धियाँ

**ज्ञान सागर एकेडमी** के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर अपनी निष्ठा, परिश्रम और प्रतिबद्धता से संस्थान को गौरवान्वित किया।

**School Games Federation of India (SGFI) / ओपन टूर्नामेंट्स में सहभागिता**

| | | |
|---|---|---|
| **राष्ट्रीय स्तर** | : | **जिम्नास्टिक, फ़ुटबॉल** |
| **राज्य स्तर** | : | **खो–खो, हॉकी, सॉफ़्टबॉल, एथलेटिक्स, योग, तैराकी, बैडमिंटन** |
| **संभागीय स्तर** | : | **बास्केटबॉल, कूडो (Kudo)** |
| **जिला स्तर** | : | **क्रिकेट, स्केटिंग** |

## अन्तरविद्यालयीन प्रतियोगिताओं में बहुआयामी विजय उत्सव

❖ **दृश्य एवं प्रदर्शन कलाएँ**

- बाल भवन, महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मॉनसून मैजिक में **रंगोली, चित्रकला, समूह गान एवं समूह नृत्य** में **प्रथम पुरस्कार** सहित अनेक सम्मान प्राप्त।
- अखिल भारतीय कालिदास समारोह में **संभागीय चित्रकला एवं श्लोक वाचन प्रतियोगिता** में **प्रथम पुरस्कार एवं रनिंग ट्रॉफ़ी।**
- विश्व धरोहर सप्ताह के अवसर पर संस्कृति विभाग, म.प्र. शासन द्वारा आयोजित **चित्रकला प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय विजय।**
- अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में **चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार।**
- **फ्री प्रेस पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार** सहित अन्य अनेक पुरस्कार।
- **अक्षर विश्व चित्रकला प्रतियोगिता** में भी छात्रों की रचनात्मक प्रतिभा को कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

❖ **शैक्षणिक ओलंपियाड्स एवं प्रतियोगिताएँ**

- SilverZone Olympiads (**गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, सामान्य ज्ञान, Smart Kid**) में **स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक।**
- SilverZone **कॉमर्स ओलंपियाड** में **राज्य स्तर** पर **प्रथम एवं तृतीय पुरस्कार**
- राष्ट्रीय स्तर की **Spell Bee प्रतियोगिता** में **विद्यालय एवं जिला स्तर पर शीर्ष स्थान**
- **TCS Nation Building Essay Writing प्रतियोगिता** में विभिन्न श्रेणियों में **उत्कृष्टता पुरस्कार**
- **National Science Talent Search Examination** में कक्षा के टॉपर्स को **प्रमाणपत्र एवं पदक**
- Intercity Quizzing Challenge (Quizzers' Club, NIT, भोपाल) में **रनर–अप ट्रॉफ़ी**

❖ **DUSSC इंटरस्कूल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन**

**ज्ञान सागर एकेडमी** को **DUSSC इंटरस्कूल प्रतियोगिताओं** में **सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन** करने वाले विद्यालय के रूप में मान्यता प्राप्त:

- **प्रथम पुरस्कार : स्पेल बी (प्राथमिक स्तर)**
- **प्रथम पुरस्कार : एक्शन सॉन्ग (प्राथमिक स्तर)**
- **प्रथम पुरस्कार : फ़न रेस (प्राथमिक स्तर)**
- **प्रथम पुरस्कार : खो–खो (माध्यमिक स्तर)**
- **प्रथम पुरस्कार : टॉक शो (वरिष्ठ माध्यमिक स्तर)**
- **द्वितीय पुरस्कार : वाद–विवाद प्रतियोगिता (माध्यमिक स्तर)**

❖ **CBSE की पहल में सक्रिय सहभागिता**

- गणितीय चिंतन को प्रोत्साहित करने हेतु **CBSE** की पहल **आर्यभट्ट गणित चैलेंज** में विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता।
- राष्ट्रभक्ति एवं वीरता की भावना विकसित करने हेतु **CBSE** की राष्ट्रीय स्तर की पहल **वीरगाथा परियोजना** में विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता।

## सामुदायिक सहभागिता

- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर **जिला प्रशासन**, उज्जैन द्वारा आयोजित **सामूहिक योगाभ्यास** एवं **सूर्य नमस्कार** में GSA के विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी।
- **अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव** में 151 छात्रों ने **सामूहिक गीता पाठ** में सहभागिता की।
- **जिला प्रशासन**, उज्जैन द्वारा आयोजित **हर घर तिरंगा अभियान** में उत्साहपूर्वक भागीदारी।

## विद्यार्थियों के बौद्धिक जागरण हेतु आयोजित कार्यशालाएँ एवं संगोष्ठियाँ

- **परीक्षा पे चर्चा** कार्यक्रम में सहभागिता
- उज्जैन पुलिस द्वारा **साइबर सुरक्षा** पर जागरूकता सत्र
- प्रॉक्टर एंड गैम्बल द्वारा **स्वास्थ्य एवं स्वच्छता** पर कार्यशाला
- ट्रैफिक पुलिस, उज्जैन द्वारा **यातायात जागरूकता सत्र**
- विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा करियर काउंसलिंग संगोष्ठियाँ
- अनेक विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों की सहभागिता के साथ **करियर गाइडेंस फेयर**
- **संचार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास** पर विशेष कार्यशाला

## शैक्षणिक भ्रमण, अध्ययन एवं मनोरंजन हेतु यात्राएँ

- महाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन
- विक्रम विश्वविद्यालय – व्यावसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम हेतु
- महर्षि पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय – वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत
- अटल बालोद्यान, उज्जैन
- चोखी धानी, इंदौर
- सफ़ारी पार्क, इंदौर
- इस्कॉन मंदिर, उज्जैन
- ग्रैंड माचल, इंदौर
- सांदीपनि आश्रम, उज्जैन
- त्रिवेणी कला एवं पुरातत्व संग्रहालय, उज्जैन

## CBSE के साथ प्रशासनिक समन्वय

**ज्ञान सागर एकेडमी प्रशासन** ने **CBSE** द्वारा प्रदत्त अतिरिक्त उत्तरदायित्वों का पूर्ण समर्पण एवं निष्ठा के साथ निर्वहन किया। इस वर्ष निम्नलिखित भूमिकाओं में विद्यालय प्रशासन द्वारा सफलतापूर्वक कार्य किया गया।

- **CBSE** सिटी कोऑर्डिनेटर (**CC**), जिला उज्जैन
- CBSE जिला प्रशिक्षण समन्वयक (**DTC**), उज्जैन
- CBSE जिला स्तरीय समन्वयक (**DLC**) परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण
- **वेन्यू डायरेक्टर**, Training of Trainers (**ToT**) कार्यक्रम (CBSE एवं भारत सरकार की संयुक्त पहल)
- **CBSE बोर्ड परीक्षा** के लिए **परीक्षा केंद्र** के रूप में सफल संचालन

## सत्र 2024-25 में ज्ञान सागर एकेडमी में पधारे विशिष्ट अतिथियों के प्रति कृतज्ञता का ज्ञापन

आपकी गरिमामयी उपस्थिति ने हमें आलोकित किया, प्रेरित किया, और हमारे प्रयासों को नई दिशा दी। हम आपके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।

- श्री मुकेश टटवाल, महापौर, उज्जैन
- श्री योगेन्द्र सिंह पटेल, उप-आयुक्त, नगर निगम उज्जैन
- श्री सत्य नारायण चौहान, स्वास्थ्य प्रभारी, नगर निगम उज्जैन
- श्री आनंद शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी, उज्जैन
- श्री गिरीश तिवारी, ADPC, RMSA, उज्जैन
- श्रीमती श्रीकला पी. वेणुगोपाल, उप सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार
- डॉ. सुमन सिंह चौहान, DOPT ट्रेनर, भारत सरकार
- डॉ. स्वाति गुप्ता, संयुक्त सचिव, CBSE
- श्री जय चिदार, अनुभाग अधिकारी, CBSE, COE, भोपाल
- श्री गुंजन गांधी, संयुक्त निदेशक, ISTM
- सुश्री आकांक्षा द्विवेदी एवं ट्रैफिक पुलिस टीम, उज्जैन
- साइबर पुलिस टीम, उज्जैन
- PARAKH उज्जैन जिला टीम के सम्माननीय सदस्यगण
- डॉ. राजेश्वर शास्त्री मुसलगांवकर, विभागाध्यक्ष, संस्कृत–वेद–ज्योतिर्विज्ञान अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन
- तकनीकी शिक्षा निदेशालय एवं MIT उज्जैन के सदस्यगण
- श्री प्रबिता चक्रवर्ती, संसाधन विशेषज्ञ, संचार कौशल एवं व्यक्तित्व, कर्णावति विश्वविद्यालय
- डॉ. प्रियंका शर्मा, माधवबाग क्लिनिक
- उज्जैन एवं देवास क्षेत्र के प्रख्यात प्राचार्य, उपप्राचार्य एवं शिक्षाविद्

यह वार्षिक प्रतिवेदन **ज्ञान सागर एकेडमी** की शैक्षणिक उत्कृष्टता, विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं सार्थक सामाजिक सहभागिता के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

हम अपने सम्माननीय अभिभावकों, पूर्व विद्यार्थियों, समर्पित शिक्षकों, कर्मठ कर्मचारियों एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रति हार्दिक आभार प्रकट करते हैं, जिनके सतत सहयोग, विश्वास एवं साझेदारी ने हमारी प्रगति और उत्कृष्टता की यात्रा को संभव बनाया।

**जय हिंद! जय भारत!**